यूनिवर्सिटी पढ़ने जाएगा जीएनएलयू छात्र हातिम हुसैन

रोड्स स्कॉलरशिप के लिए चयनित देश के पांच विद्यार्थियों में से एक है हातिम

अहमदाबाद. गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (जीएनएलयू) के पांच वर्षीय बीए-एलएलबी कोर्स के अंतिम वर्ष का छात्र हातिम हुसैन अगले वर्ष ब्रिटेन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने जाएंगे।

हातिम का रोड्स स्कॉलरशिप के लिए चयन हुआ है। वे वर्ष 2020 के लिए भारत से इस स्कॉलरशिप के लिए चुने गए पांच विद्यार्थियों में से एक हैं। स्कॉलरशिप के तहत हातिम को विश्व के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक ऑक्सफोर्ड विवि में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। हातिम इस छात्रवृत्ति के लिए उनके चयन से काफी खुश हैं और वे ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से बेचलर ऑफ सिविल लॉ (मास्टर डिग्री) और पीएचडी करना चाहते हैं। हातिम फिलहाल सुप्रीमकोर्ट के जज के मार्गदर्शन में दो महीने की इन्टर्नशिप कर रहे हैं। जीएनएलयू के दूसरे विद्यार्थी का इस स्कॉलरशिप के लिए अब तक चयन हुआ है। इसे पहले एक छात्र वर्ष 2018 में इसी स्कॉलरशिप के तहत पढ़ाई के लिए ऑक्सफोर्ड में गया है।

पत्रिका Tue, epape